मेरे श्याम धणी सरकार भक्तों की रखते लाज

मेरे श्याम धणी सरकार,
भक्तों की रखते लाज,
जो आये तेरे दरबार,
बनते सब उसके काज,
जो भी धाम तुम्हारे आता,
बनते उसके काम,
मेरे श्याम धनि सरकार,
भक्तों की रखते लाज।bd।

हर घर में तेरा ही सुमिरण,
श्याम धणी सरकार,
सुनते हो सबकी फरियादें,
जो भी आये दरबार,
सबकी बिगड़ी बनाने वाले,
पूरण करते काज,
मेरे श्याम धनि सरकार,
भक्तों की रखते लाज।bd।

श्याम तेरे चरणों की धूलि,
जिस पर भी पड़ जाए,
सबके दुखड़े तुम हरते हो,
पाप सभी मिट जाए,
जो भी जपता नाम तुम्हारा,
रखते उसकी लाज,
मेरे श्याम धनि सरकार,
भक्तों की रखते लाज।bd।

हर तरफ तेरा ही जलवा,
तेरी ऊँची शान,
तेरा ही तो नूर समाया,
बाबा सकल जहान,
सब पर बाबा किरपा करना,
रखना सर पे हाथ,
मेरे श्याम धनि सरकार,
भक्तों की रखते लाज।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे श्याम धणी सरकार,
भक्तों की रखते लाज,
जो आये तेरे दरबार,
बनते सब उसके काज,
जो भी धाम तुम्हारे आता,
बनते उसके काम,
मेरे श्याम धनि सरकार,
भक्तों की रखते लाज।bd।

Singer – Mukesh Kumar Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com